आकाशवाणी शिमला

04.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र में 2 सौ 33 करोड़ रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उदघाटन व शिलान्यास।

2. राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षण स्टाफ के स्थानांतरण पर कल से पूर्ण प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला।

3. देश में कोविड–19 के मामलों में बढ़ोतरी के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी–अस्पताल परिसरों में मास्क पहनना अनिवार्य।

4. नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क टैस्ट की सुविधा को कम करने संबंधी राज्य सरकार के आदेश को बताया हास्यास्पद।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2 सौ 33 करोड़ 55 लाख रुपये की 12 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास, कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच मुख्यमंत्री देहरा में केएफडब्ल्यू परियोजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली कांगड़ा व चंबा जिला की ग्राम वन प्रबंधन समितियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा व चम्बा ज़िलों में 3 सौ 7 वन विकास समितियों ने इस परियोजना के तहत योजना बनाने, उसे क्रियान्वित करने और निगरानी का काम किया। उन्होंने कहा कि वनों का संरक्षण न केवल जलवायु संतुलन के लिए आवश्यक है बल्कि यह नदियों के उद्गम, मिट्टी कटाव की रोकथाम, जैव विविधता की सुरक्षा और लाखों लोगों के जीविका उपार्जन से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि बढ़ती आबादी, विकास कार्यों व जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के कारण हमारे वन संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है और इन चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार ने वन विभाग के माध्यम से सतत् व वैज्ञानिक पद्धति से वन प्रबंधन की रणनीति अपनाई हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से प्रकृति और वनों के संरक्षण के अभियान में आगे आने का आह्वान भी किया। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

तबादला प्रतिबंध

प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षण कार्य के सुचारू संचालन के दृष्टिगत राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षण स्टाफ के स्थानांतरण पर कल 5 जून से पूर्ण प्रतिबंध लगाने के फैसला लिया है। यह निर्णय वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025–26 की समाप्ति तक जारी रहेगा। प्रदेश सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

## जगत नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिले में कल्पा विकास खण्ड के तहत लंबित विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज रिकांगपिओ में कल्पा ब्लॉक शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार निर्धन व भूमिहीन लोगों को जमीन उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है और इस दिशा में निरंतरता के साथ कार्य किया जा रहा है। बाद में राजस्व मंत्री ने ब्लॉक स्तरीय योजना विकास व 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की और विकासात्मक नीतियों व योजनाओं के तहत लम्बित विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश के राजकीय स्कूलों में अब तक शिक्षकों के लगभग 6 हजार पद भरे जा चुके हैं और जल्द ही राज्य चयन आयोग के माध्यम से 3 हजार से अधिक और पद भरे जाएंगे जिसकी चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मण्डी जिले के चैलचौक में आज एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कठिन वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद भी इस वित्त वर्ष में शिक्षा क्षेत्र के लिए करीब 8 हजार 9 सौ 50 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया गया है। इससे पहले रोहित ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय बासा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड़ का निरीक्षण भी किया।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मण्डी जिले में नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत चैलचौक से देवीदढ़ सड़क को सीआरएफ के तहत अपग्रेड करने की घोषणा की है। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को तुरंत डीपीआर बनाने के निर्देश दिए ताकि केन्द्र सरकार से जल्द ही इसके लिए धनराशि स्वीकृत करवा कर इस कार्य को किया जा सके। विक्रमादित्य सिंह आज देवीदढ़ में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क सुविधा होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम कोई राजनीतिक मंच नहीं है बल्कि जनता का मंच है जहाँ सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।

## कोविड एडवाजरी

देशभर में एक बार फिर कोविड–19 के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है और इसका असर अब हिमाचल प्रदेश में भी दिखने लगा है। नाहन में कोरोना संक्रमण का एक नया मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतते हुए एडवाइजरी जारी कर दी है। इसके तहत प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल परिसरों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, मरीजों के साथ अस्पताल आने वाले तीमारदारों को भी मास्क पहनना होगा। एडवाइजरी में सार्वजनिक स्थलों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की भी हिदायत दी गई है, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके।

आईजीएमसी के डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रवीण एस. भाटिया ने बताया कि, "स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर अस्पताल में कोविड की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

*हमने अपने हॉस्पिटल में एक तो इंस्ट्रक्शन इशू करी हैं पूरे वार्ड्स में कनसंर्ड वार्ड सिश्टरस को और कनसंर्ड मैटरन्स को, कनसंर्ड नर्सिंग ऑफिसरस को कि वार्ड्स के अंदर क्राउडिंग ना होने दी जाए, सिक्युरिटी को भी हमने अलर्ट किया है, क्राउडिंग को अवाइड किया जाए और वार्ड के अंदर एक पेशन्ट के साथ एक ही अटेंडन्ट रहेगा, वो भी विद मास्क और अपना जो अटेंडन्ट पास है, उसको गले में डाल के रखेगा। और एक हमारा जो एक रेगुलर जो माईकिंग हो रही है, गेट के पास, जहां से जो है पब्लिक कोई एडवाइज किया जा रहा है, के इन व्यू अफ्सर्ज इन कोविड केसेज, पब्लिक जो है वो अन्नेसेसरी क्राउडिंग हॉस्पितल में ना करें। हमारे पास जो है 150 बेड विद ओक्सि, जो अभी हमारे टोटल जो हैं, वो इंक्लूडिंग आवर न्यू ट्रॉमा, और इ–ब्लॉक में जो है हमारे पास 110 बेड हैं, और एक हमारे पास मेकशिफ्ट जो हमने प्रिवियस वेव अफ् कोविड में बनाया था, वो हमारे पास है ।*

यादविन्द्र गोमा

आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा ने कहा है कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की दुवक्यारा पंचायत के चसराल पट्ट गांव में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आज उन्होंने ये बात कही। यादविन्द्र गोमा ने कहा कि लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जनसंवाद को प्राथमिकता दी जा रही है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने और जनविरोधी निर्णय लेने का आरोप लगाया है। बिलासपुर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचने पर हर बीमार व्यक्ति से पैसा वसूलने के आदेश दिए हैं जो पूरी तरह जनविरोधी व अमानवीय है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अमृतकाल में जहां केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पूरे देश को निशुल्क उपचार व निशुल्क जांच की सुविधा दी गई है वहीं प्रदेश सरकार लोगों का ये मौलिक अधिकार भी छीन रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है कि अब सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में होने वाले एक सौ 33 फ्री टैस्ट साल में केवल एक बार ही होंगे जबकि दूसरी बार ये टैस्ट करवाने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। उन्होंने सरकार के इस आदेश को हास्यास्पद बताया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष ने झंडुता में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्राकृतिक खेती पर आयोजित क्षेत्रीय संगोष्ठी में भी भाग लिया। इस संगोष्ठी में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत विशेष रूप से मौजूद रहे।

हिमस्खलन

चम्बा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया है कि साच दर्रे पर कल रात अचानक हुई बर्फबारी व हिमस्खलन के कारण फंसे करीब 35 पर्यटकों व स्थानीय लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है जबकि लगभग 10 अन्य लोगों को जल्द ही रेस्क्यू कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जब तक रास्ता नहीं खुलता तब तक बैरागढ़ चेक पोस्ट और पांगी की तरफ से वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की गई है।

*एवलांच से जो नीचे की तरफ लगभग 30 से 35 लोग थे उन सबको सुरक्षित रात में ही वापस लेकर जो टीम है वो बैरागढ़ तक पहुंच गई थी परंतु लगभग 10 के आसपास जो लोग हैं वो एवलांच से और टुवड्र्स जोत की तरफ होने के कारण उनको रात में निकालना संभव नहीं हो पाया जो लोग वहां पर रात्रि के लिए रुकवा दिया गया था। साथ ही में पी डब्ल्यू डी की तरफ मशीनरी डिप्लॉयड है ताकि एवलांच के कारण जो रास्ता अवरुद्ध हो गया है, उसको भी खोला जा सके। कनेक्टिविटी ना होने के कारण जो करेंट सिचुएशन है जो करंट स्थिति है। इनफॉरमेशन अभी तक नहीं आ पाई है। जब तक रास्ता पूर्ण रूप से बहाल नहीं हो जाता है अब तक बैरागढ़ चेक पोस्ट पे और पांगी की तरफ से भी ट्रैफिक को भी अभी रोका गया है।*

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के कई स्थानों पर वर्षा जबकि अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है। वर्षा व बर्फबारी से तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई है जिससे मैदानी क्षेत्रों में लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 5 जून तक वर्षा का क्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश होगी जिसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 6 से 10 जून तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की सम्भावना है।